हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025


11 नवापारा व्यापार प्रकोष्ठ और कोपरा अध्यक्ष का...


12 जिला स्तरीय युवा महोत्सव में युवाओं ने कला...




कुणाल एग्रो राजीव लोचन मोटर पंप सर्विस
नलकूप खनन एवं सेलो बोर के लिए संपर्क करें
बोर खुदाई नगदी में पंप 3 महीने का उधारी मिलेगा
फ्लोमार्क सबर रिलायंस रोमैक्स आईडोल यह सभी कंपनी का 100 वोल्टेज से चलता है।

छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त पंजीकृत फॉर्म
कुणाल एग्रो

■ सांई मंदिर के सामने राजिम, 7828297607, 9009541542 ■ दुकली हाई स्कूल के सामने साहू हालर मिल धमतरी जिला

## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें
फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी


विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.

## खबर संक्षेप

### जिले में प्रशासन गांव की ओर अभियान 19 से 23 दिसंबर तक

**गरियाबंद।** भारत सरकार, कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, के निर्देशानुसार ''प्रशासन गांव की ओर'' अभियान के तहत 19 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक सभी विकासखण्ड में एक दिवसीय शिविर प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इनमें विकासखण्ड 19 दिसम्बर को देवभोग के शासकीय हाई स्कूल परिसर धौराकोट, मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत 20 दिसम्बर को वन विभाग परिसर मैनपुर, 21 दिसम्बर को फिंगेश्वर विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल परिसर जामगांव, 22 दिसम्बर को छुरा विकासखण्ड के शाकम्भरी मंदिर के समीप लोहझर तथा 23 दिसम्बर को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल परसिर नागाबुड़ा में शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने जिले के संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिविर स्थल में स्टॉल लगाकर आवेदकों से आवेदन प्राप्त कर उनका शिविर स्थल पर ही निराकरण करने के निर्देश दिए है।

### सामान्य भविष्य निधि समस्याओं के समाधान के लिए शिविर

**गरियाबंद।** जिला कोषालय अधिकारी पीसी खलखो ने बताया कि 15 से 17 दिसम्बर तक सामान्य भविष्य निधि से संबंधित सभी प्रकार के समस्याओं के समाधान के लिए जिला कोषालय गरियाबंद में महालेखाकार द्वारा शिविर आयोजित की गई है। जिसमें जीएफ ऋणात्मक शेष की वसूली के संबंध में, मृत्यु या सेवानिवृत कर्मचारियों की फाइनल पेमेंट एजी प्रेषित किए जाने के संबंध में एवं जीपीएफ मिसिंग क्रेडिट सहित अन्य समाधान के लिए कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर समाधान करा सकते है। तथा फाइनल पेमेंट प्रस्ताव ऑनलाईन एजी प्रेषित कर हार्ड कॉपी शिविर में जमा कर सकते है।

### छुईहा में कबड्डी का महा मुकाबला 21 और 22 को

**छुईहा बेलर।** ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जय माँ घटारानी कबड्डी टीम के तत्वावधान में छुईहा में 21 और 22 दिसंबर को दो दिवसीय कबड्डी महामुकाबले का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता को लेकर पूरे जिले और क्षेत्र के खिलाड़ियों तथा खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति अध्यक्ष भानसिंग ध्रुव, उपाध्यक्ष रितेश ध्रुव, टिकेश्वर यादव और मंच संचालक/उद्घोषक आशाकांत रजक ने कहा कि यह आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है। आकर्षक पुरस्कार राशि और नियमआयोजकों के अनुसार, इस टूर्नामेंट में आसपास के गाँवों के साथ-साथ बाहर की मजबूत टीमें भी हिस्सा लेंगी। मुकाबले पूरी तरह से खेल भावना, अनुशासन और पारदर्शिता ▶▶|शेष पेज 10 पर

**समस्या :** 23 से 25 जनवरी तक संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का होना है आयोजन

# परिवहन नहीं होने से खेल मैदान में हो रही धान खरीदी, खेल प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

जिले के रसेला, कनसिघी और सिवनी सहित कई धान उपार्जन केन्द्रों पर इन दिनों जगह की कमी और धान का समय पर उठाव न होने के कारण गंभीर समस्या पैदा हो गई है। समितियों की बफर लिमिट से कई गुना अधिक धान खुले में पड़ा है, जिससे न केवल खरीदी प्रभावित हो रही है, बल्कि समितियों के लिए धान को सुरक्षित रखना भी एक बड़ी चुनौती बन गया है। खेल मैदान में धान खरीदी, प्रतियोगिता पर खतराधान उपार्जन केंद्र रसेला में स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि धान रखने के लिए जगह नहीं बची है, जिसके चलते अब खेल के मैदान में धान की खरीदी की जा रही है। इस कारण स्कूली बच्चों का खेल प्रभावित हो रहा है। जनवरी में (23 से 25 जनवरी तक) संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होना है, जिस पर इस अव्यवस्था के कारण खतरा मंडरा रहा है। समितियों ने पत्राचार के माध्यम से लगातार धान परिवहन कराने का लिखित आवेदन किया है, लेकिन प्रशासन की कथित लापरवाही के कारण उठाव शुरू नहीं हो पाया है।



### खरीदी का आंकड़ा और लिमिट की समस्या

| उपार्जन केन्द्र | खरीदी (क्विंटल में) |
|---|---|
| रसेला | 28,000 |
| कनसिघी | 17,000 |
| सिवनी | 15,000 |

वहीं, धान उपार्जन केन्द्र सिवनी में अभी तक खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ाए जाने से किसान परेशान हैं। यहां प्रतिदिन की लिमिट 900.31 क्विंटल है, जबकि किसानों का धान खरीदने के लिए 1600 क्विंटल प्रतिदिन की खरीदी आवश्यक है।

### धान उठाव के लिए पत्र भेजा गया है

ब्रांच मैनेजर खोमन सिंह सोम ने इस संबंध में कहा है कि सभी समितियों में धान उठाव के लिए पंजीयक कार्यालय पत्र लिखकर भेजा गया है।

### सिर्फ प्रबंधकों पर दबाव क्यों?

धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों डीएमओ, नोडल अधिकारी, सीईओ, पर्यवेक्षक और शाखा प्रबंधक की भूमिका पर सवाल उठाया गया है। यह सवाल उठाया गया है कि जब कई केन्द्रों पर बफर लिमिट से पाँच गुना अधिक धान महीनों तक पड़ा है, और परिवहन में देरी हो रही है, तो धान में सूखत की कमी के लिए सिर्फ समिति प्रबंधकों को ही जिम्मेदार क्यों ठहराया जाता है? जनपद सदस्य और सहकारिता विभाग के सभापति सुखराम ठाकुर ने कहा परिवहन में देरी के कारण धान का उठाव नहीं हो रहा है, जिससे कई दिक्कतें आ रही हैं। खुले आसमान के नीचे पड़े धान में सूखत का डर मुसीबत बन गया है। खरीदें गए धान को सुरक्षित रखना समितियों के लिए इस समय एक बड़ी चुनौती है।

# गाताबाहरा में खेलते हुए लापता बालक की जंगल में मिली लाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के रिसगांव परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम गाताबाहरा में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। रविवार (13 दिसंबर 2025) शाम करीब 6 बजे घर के आंगन से रहस्यमय ढंग से लापता हुए तीन वर्षीय मासूम बालक देवेश कुमार मरकाम का शव गाँव से लगभग एक किलोमीटर दूर जंगल में मिला है।हिंसक वन्यप्राणी द्वारा चेहरे को नोचा गया लापता होने की सूचना पर परिजनों और ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू की। काफी प्रयासों के बाद जंगल में बालक का शव उसके कपड़ों के आधार पर पहचाना गया। बताया जा रहा है कि बालक के चेहरे को किसी हिंसक वन्यप्राणी द्वारा बुरी तरह से नोच दिया गया है। मृतक बालक की पहचान देवेश कुमार मरकाम (उम्र करीब 3 वर्ष), पिता रोशन मरकाम एवं माता संगीता मरकाम के रूप में हुई है। वन विभाग और पुलिस की जांच शुरूघटना की सूचना मिलते ही उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डीएफओ सहित विभागीय टीम तत्काल मौके पर पहुंची। उपनिदेशक वरुण जैन के नेतृत्व में सहायक संचालक (सीतानदी, उदंती) और परिक्षेत्र अधिकारी रिसगांव सहित वन अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया। घटनास्थल से बस्ती तक लगभग 1.5 किलोमीटर में बच्चे के पद-चिह्न के साथ-साथ किसी बड़े व्यक्ति के पद-चिह्न और पालतू कुत्ते के पद-चिह्न भी पाए गए हैं। वन विभाग ने आशंका जताई है कि जंगल जाते समय बालक की मुठभेड़ किसी हिंसक वन्यप्राणी (संभवतः भालू, भेड़िया या सोन कुत्ता) से हुई होगी। डीएनए और फोरेंसिक जांचचूंकि किसी भी वन्यप्राणी के पग मार्क (पग चिह्न) नहीं पाए ▶▶|शेष पेज 10 पर

# शिक्षक संघ ने टीईटी अनिवार्यता पदोन्नति को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्राचार्य, व्याख्याता एवं प्रधान पाठक पदोन्नति, टीईटी अनिवार्यता तथा पेंशन व क्रमोन्नति से जुड़ी लंबित मांगों को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेश सह सचिव विनोद सिन्हा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने



सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय तथा उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से भेंट कर 12 वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति ▶▶|शेष पेज 10 पर

# रबी सीजन में भी धान की ओर किसानों का रुझान, दलहन-तिलहन से किया किनारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

एक तरफ जहां खरीब फसल धान की बेचने किसान उपार्जन केन्द्र में पहुंच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर रबी फसल लेने की तैयारी भी चल रही है। बता दें कि रबी सीजन की तैयारियां जिले सहित क्षेत्रों में शुरू हो चुकी है। अंचल के साधन संपन्न किसानों ने खेती की तैयार भी कर लिया है। कुछ स्थानों पर नर्सरी भी



लगाई जा रही है। जिले सहित अंचलों में लगातार घट रहें जलस्तर को देखते हुए सरकार ने किसानों से रबी सीजन में धान की फसल के बदले दलहन तिलहन मिलेट्स की फसल लेने की अपील की थी, लेकिन क्षेत्र के किसानों ने दलहन तिलहन की फसल लेने में कोई रुचि नहीं दिखाई और धान की फसल की तैयारी में जुट गए हैं। किसानों की मानें तो क्षेत्र के किसान सिर्फ धान की ही फसल ले सकते हैं। किसानों के अनुसार दलहन तिलहन को फसल को प्राकृतिक आपदा, जंगली जानवर, बंदर ▶▶|शेष पेज 10 पर

कई लोगों के लिए बैंक वाली दीदी बनकर सहारा बनी

# प्रदेश की पहली उत्कृष्ट बैंक सखी बनीं खेमेश्वरी सलाना 2 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन का रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राष्ट्रीय आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़कर, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले की मैनपुर ब्लॉक के धुरुवागुड़ी गांव की खेमेश्वरी तिवारी ने न केवल अपनी जिंदगी बदली है, बल्कि राज्य की सबसे अधिक ट्रांजेक्शन करने वाली बैंक सखी (बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट) का खिताब भी हासिल किया है। दहेज प्रताड़ना के बाद ससुराल छोड़कर मायके लौटी खेमेश्वरी ने आज कई लोगों के लिए 'बैंक वाली दीदी' बनकर सहारा बनी हैं।

सर्वाधिक ट्रांजेक्शन का रिकॉर्ड

### दहेज प्रताड़ना से बैंक वाली दीदी बनने तक

2017 में खेमेश्वरी का विवाह हुआ था, लेकिन दहेज की मांग पूरी न कर पाने के कारण उन्हें प्रताड़ित होना पड़ा और अंततः उन्हें ससुराल छोड़कर मायके लौटना पड़ा। तंगी की स्थिति में उन्होंने आजीविका मिशन से जुड़ने का फैसला किया। कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान वह ग्रामीण और वनांचल के हितग्राहियों के लिए बैंक का विकल्प बन गईं। आज भी उनके सेंटर पर लोगों की भीड़ जुटती है। सबसे प्रशंसनीय बात यह है कि वह सेंटर तक नहीं आ पाने वाले 40 से अधिक बुजुर्गों और बीमार हितग्राहियों के घर तक जाकर पैसे निकाल कर देती हैं।



अमलीपदर क्लस्टर की पीआरपी (प्रोफेशनल रिसोर्स पर्सन) निधि साहू ने बताया कि खेमेश्वरी 2019 में आजीविका मिशन से जुड़ी थीं। शुरुआती दो साल मायूसी के रहे, लेकिन उनकी मेहनत रंग लाई। बीते दो वित्तीय वर्षों में उन्होंने लगभग प्रति वर्ष 2 करोड़ का ट्रांजेक्शन किया है। वर्ष 2024 में 1.80 करोड़ और वर्ष 2025 में 2 करोड़ का ट्रांजेक्शन कर उन्होंने प्रदेश की उत्कृष्ट बीसी सखी का खिताब भी अपने नाम किया है। खेमेश्वरी तिवारी हर महीने अधिकतम 1200 हितग्राहियों को 20 से 25 लाख का कैश भुगतान करती हैं। वृद्धा ▶▶|शेष पेज 10 पर

### 20 से एनआरपीएल प्रो सॉफ्ट लीग सीजन 3

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ में क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनआरपीएल प्रो सॉफ्ट लीग सीजन 3 का आयोजन नया रायपुर स्थित झांझ मैदान में 20 दिसंबर से शुभांरभ किया जायेगा। इस बहुप्रतीक्षित क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रदेश की तामोरपिंगला, अचानकमार, बारनवापारा, सीतानदी, भोरमदेव, पामेड़-धामेड़, उदंती एवं बदलखोल आठ चयनित टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 20 हजार, उपविजेता टीम को 10 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5 हजार की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए अनेक आकर्षक व्यक्तिगत एवं टीम पुरस्कार भी रखे गए हैं।



## खबर संक्षेप

### छात्र नेता अनंत सोनी बने अभाविप के प्रदेश मंत्री

**फिंगेश्वर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा अनंत सोनी को संगठन का नया प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। वे यह दायित्व आगामी 58वें प्रदेश अधिवेशन, भिलाई में विधिवत रूप से ग्रहण करेंगे।यह अधिवेशन दिनांक 19, 20 एवं 21



दिसम्बर को सम्पन्न होगा, जिसमें प्रदेश भर से हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे विदित हो कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में प्रति वर्ष प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्री का चयन संगठनात्मक लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाता है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जिले से नाम आमंत्रित किए जाते हैं तथा प्राप्त नामों में से सर्वसम्मति से प्रदेश नेतृत्व का चयन किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष यह महत्वपूर्ण दायित्व छात्र नेता अनंत सोनी को सौंपा गया है। छात्र नेता अनंत सोनी मूलतः गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर के निवासी हैं।उन्होंने विद्यार्थी परिषद में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है, जिनमें गरियाबंद जिला संयोजक, महासमुंद विभाग संयोजक तथा वर्तमान में अम्बिकापुर जिले में जिला विद्यार्थी विस्तारक एवं प्रदेश सह मंत्री के दायित्व प्रमुख हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सह मंत्री की घोषणा पूर्व में दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय बैठक में की गई थी।हाल ही में अनंत सोनी का चयन विद्यार्थी परिषद की देशव्यापी महत्वपूर्ण सेल यात्र के लिए छत्तीसगढ़ प्रांत से हुआ। यह 30 दिवसीय यात्र के दौरान वे असम प्रदेश में देश के विभिन्न राज्यों से आए छात्र कार्यकर्ताओं के साथ रहे।

### अभनपुर में गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव 21 से

**अभनपुर।** गायत्री परिवार अभनपुर द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन 20 से 22 दिसम्बर तक गायत्री शक्ति पीठ ब्लॉक कालोनी मैदान अभनपुर में संपन्न होगा। पीठ प्रमुख आरएस चौरसिया एवं मदन साहू ने बताया कि अलग -अलग परंपरा अनुसार विधि विधान से कार्यक्रम सम्पन्न होंगे।

### मुक्कड़ बने खाली प्लाटों की नगर निगम ने कराई सफाई, लिया संज्ञान

**रायपुर।** नगर निगम सीमा क्षेत्र के खाली प्लाटों में कचरा फेंककर गंदगी फैलाने की शिकायत पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी ने संज्ञान लिया। मुक्कड़ बने प्लाट में जेसीबी मशीन और सफाई मित्रों को भेजकर स्थल से कचरा उठाकर सुरक्षित जगह परिवहन कराया गया। निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने खाली प्लाट में कचरा फेंकने की शिकायत पर संबंधित जोन स्वास्थ्य अधिकारी को स्थल निरीक्षण के लिए भेजकर आवश्यक सफाई कराने निर्देशित किया। समस्या की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए खाली प्लॉटों को चिन्हांकित कर नियमित निगरानी करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। न्यू राजेन्द्र नगर के मेडिसाइन हॉस्पिटल के पीछे नाली की सफाई न होने की शिकायत जोन 10 में की गई। जन शिकायत पर संज्ञान लेते हुए निगम के स्वास्थ्य अमले ने नाली की सफाई करवाई।

# डूमरतराई इलेक्ट्रानिक मार्केट प्रोजेक्ट का रिवाइज प्रपोजल स्वीकृति के लिए भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदौर नगर निगम की तर्ज पर अब रायपुर में भी आय बढ़ाने और व्यय घटाने का इंतजाम रायपुर नगर निगम करने जा रहा है। इसके लिए नए साल में नगर निगम 100 करोड़ रुपए का म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करेगा। यह बांड 2 प्रोजेक्ट के लिए होगा, जिसमें शंकरनगर क्षेत्र में 60 करोड़ रुपए के फाइनेंसियल हब प्रोजेक्ट को शासन ने पहले ही स्वीकृति दे रखी है। दूसरा प्रोजेक्ट डूमतराई के बहुमंजिला इलेक्ट्रानिक मार्केट प्रोजेक्ट का प्रस्तावित है। इसे रिवाइज कर निगम प्रशासन ने शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा है। एप्रवूल मिलते ही नगर निगम 100 करोड़ रुपए का म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करेगा।

रायपुर नगर निगम अपनी आय बढ़ाने अब म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करेगा। इसके लिए नगर निगम के 2 व्यावसायिक प्रोजेक्ट का चयन कर बांड जारी करने की तैयारी की जा रही है। इसमें शंकर नगर में 60 करोड़ का फाइनेंसियल हब और डूमतराई में निगम की 2 एकड़ जमीन पर इलेक्ट्रानिक कमर्शियल मार्केट का प्रोजेक्ट शामिल है। सूत्रों के मुताबिक व्यापार व्यवसाय की व्यापक संभावना और डूमतराई थोक मार्केट की नजदीकी को देखते हुए निगम इसे बांड के रूप में लाने की तैयारी में है। इसके लिए योजना शाखा ने डूमतराई में इलेक्ट्रानिक मार्केट का रिवाइज प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेज दिया है। शासन स्तर पर स्वीकृति मिलते ही नगर निगम जल्द 100 करोड़ का म्यूनिसिपल बांड जारी करेगा।

**फैक्ट - निगम बांड**

- नेशनल स्टाक एक्सचेंज से करानी होगी लिस्टिंग, रजिस्ट्रेशन होगा.
- रायपुर नगर निगम को डबल एए की मिली है रेटिंग.
- वित्तीय सुधार को लेकर अहम निर्णय.
- आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम, आय का अतिरिक्त स्त्रोत तैयार होगा.
- 8 से 9 फीसदी ब्याज दर संभावित.
- म्यूनिसिपल बांड बड़े वित्तीय संस्थान जैसे बैंकों, म्यूचल फंड कंपनियों द्वारा खरीदे जा सकेंगे, न कि आम जनता या निजी व्यक्ति द्वारा.



- **शंकरनगर के फाइनेंसियल हब प्रोजेक्ट को पहले ही मिल चुकी है स्वीकृति**
- **जल्द जारी होगा नगर निगम का बांड**

**राज्य शासन की गारंटी नहीं**

विदित हो कि नगर निगम रायपुर को 100 करोड़ के म्यूनिसिपल बांड जारी करने राज्य सरकार से अनुमति मिल चुकी है। 2 माह पूर्व यह अनुमति 4 शर्तों के साथ दी गई है। इसके मुताबिक म्यूनिसिपल बांड के लिए राज्य शासन कोई गारंटी नहीं देगा। बांड से जुड़ी सभी वित्तीय देनदारियां पूरी तरह रायपुर नगर निगम की होगी। साथ ही नगर निगम को सेबी के म्यूनिसिपल डेब्ट सिक्यूरिटी से संबंधित सभी नियामक प्रावधानों का पालन करना होगा।

**स्वीकृति का इंतजार, जल्द जारी होगा बांड**

डूमतराई में इलेक्ट्रानिक मार्केट निर्माण का रिवाइज प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया है। एप्रवूल मिलते ही 100 करोड़ का म्यूनिसिपल बांड जारी होगा।

-**विश्वदीप**, आयुक्त, नगर निगम रायपुर

# बाबा गुरु घासीदास जयंती से पूर्व भव्य सतनाम संदेश शोभायात्रा, गगनभेदी नारों से गूंजा माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अनुविभाग मुख्यालय राजिम में संत शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास जी की 269वीं जयंती के पावन अवसर के पूर्व तहसील स्तरीय सतनामी समाज के तत्वावधान में मंगलवार को भव्य सतनाम संदेश शोभायात्रा का आयोजन सात श्वेत ध्वज वाहक के अगुवाई में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। शोभायात्रा में समाज के हजारों श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और सतनाम, मनखे-मनखे एक समान जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रातः कालीन सत्र में मुकेश भारती के नेतृत्व में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। स्वागत भाषण कार्यकारी अध्यक्ष राकेश मांडरे ने दिया। इस अवसर पर प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पूर्व विधायक अमितेष शुक्ल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने शोभायात्रा में सहभागिता कर जैतखाम में पूजा-अर्चना की और संत बाबा गुरुघासीदास जी से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद लिया। श्री शुक्ल ने कहा कि संत बाबा गुरुघासीदास जी का संदेश आज भी सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के लिए मार्गदर्शक है।





उन्होंने सतनामी समाज द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संत बाबा खूबलाल टंडन ने संबोधित करते आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम को जनपद पंचायत छुरा के उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी, जिला पंचायत गरियाबंद के सभापति द्वय नंदिनी कोमल ढीढी, नंदिनी साहू, नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव ने भी संबोधित किया।

**जगह-जगह पुष्पवर्षा, सतनाम संदेश से संबंधित झांकियां आकर्षण का केंद्र रही-** शोभायात्रा नगर, ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए निर्धारित स्थल तक निकाली गई, जहां जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों की गूंज और सतनाम संदेश से संबंधित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। समाज के वरिष्ठजनों ने संत बाबा गुरुघासीदास जी के सात सिद्धांतों और 42 वाणियों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, महिला-पुरुष, युवा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में समाजजनों ने जयंती कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने का संकल्प लिया और सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव सुघरमल आड़े एवं आभार व्यक्त शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम में डेके ठाकुर, रामनारायण साहू, सुनील तिवारी, कुलेश्वर साहू, भारत यादव, भारत पटेल, सुमित्रा निराला सामाजिक पदाधिकारी गण, दूजलाल बंजारे, गोपचंद बनर्जी, सहदेव बंजारे, विष्णु जांगड़े, चतुर मंडल, मुकेश भारती, भागचंद चतुर्वेदी, कमलेज बघेल,किरण टंडन,सनत चेलक,टिकेंद्र बंजारे, थानेश्वर बंजारे ईश्वर रात्रे, ओमप्रकाश बोरसे, विष्णु बंजारे, दीनदयाल टंडन, देवप्रसाद बघेल, गोविंद चतुर्वेदी, दयानंद साहू, शिवा मांडरे, सरपंच गोदावरी बंजारे संतोषी पुर्रे, सुनीता चतुर्वेदी, देवानंद मन्नाडे, टीकेश आडिल सहित समाज के हजारों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# द्वितीय ब्लाक स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर में 531 मरीजों ने लिया लाभ

**रसेला।** ग्राम रसेला में 12 दिसंबर को द्वितीय ब्लाक स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 531 लोग लाभार्थियों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। लगभग 450 लोगों ने आयुष काढ़ा ग्रहण कर लाभ लिया। शिविर के प्रभारी डॉ ऐश्वर्या साहू,डा विनोद ठाकुर, डॉ मिथलेश ठाकुर, डॉ रुपसिंह मरावी ने बताया कि 100 लोगों की रत्त जांच, 50 की नेत्र जांच, तथा 85 लोगों को योग परामर्श प्रदान किया गया। जिनमें निशुल्क चिकित्सा परामर्श, दवा वितरण किया गया, ताकि लोगों को आयुर्वेद योग, होम्योपैथी जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ मिल सके और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जागरूक किया जा सके इन शिविरों में ब्लड प्रेशर, शुगर जांच जैसी बुनियादी जांचे भी की जाती है और बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग इनका लाभ उठाया गया। रसेला पीएचसी के प्रभारी डॉ. राहुल नेताम के प्रयास से पहली बार इस अंचल में आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. राहुल नेताम ने कहा कि इस आयुष स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य यहां है कि ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना। इन शिविरों का आयोजन राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत किया जा रहा है, ताकि आम जनता को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच मिल सकें। इस संबंध में प्रभारी डॉ ऐश्वर्या साहू ने बताया कि इस समय मौसमी बीमारियों के साथ ही पुराने जीर्ण रोग से ग्रस्त मरीज इस शिविर में यूनानी और होम्योपैथी की दवाई ले रहे हैं, इनमें सर्वाधिक वात रोग और पेट रोग से ग्रसित मरीजों ने अपना उपचार करवाया। डॉ. तरूण पटेल ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि वितरित की गई तथा दिनचर्या, ऋतुचार्य एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में चिकित्सक दल पैरामेडिकल एवं अन्य स्टाफ फार्मासिस्ट श्यामाचरण दीवान, रुपसिंह नेताम, देवदास सोनवानी, संतोष यादव, धनेश ध्रुव, भोला दीवान और एलोपैथिक दल से डा तरूण पटेल एवं उनकी टीम उपस्थित रहे।

# मुड़मार स्कूल में छात्रों को कराया गया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं डीएमसी रेखराज शर्मा के मार्गदर्शन में पीएम पोषण शक्ति योजना को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित नेवता भोज कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक शाला मुड़मार में छात्रों के लिए नेवता भोज का आयोजन किया गया।

इस प्रेरणादायी पहल के तहत बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा द्वारा भतीजे उमंग सिन्हा के जन्मदिन पर विद्यार्थियों को स्नेहपूर्वक भोजन कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना, विद्यालय के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना तथा सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना रहा। भोजन के उपरांत उपस्थित अधिकारियों ने बच्चों से संवाद कर उन्हें नियमित विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ने एवं बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और प्रसन्नता स्पष्ट दिखाई दी।

इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत महासमुंद बीएस मंडावी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, संकुल समन्वयक अनिल ढीढी, प्रधानपाठक सतरूपा चंद्राकर एवं सहायक शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। नेवता भोज जैसे कार्यक्रम न केवल बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाते हैं, बल्कि विद्यालय को आनंदपूर्ण एवं प्रेरणादायी सीखने का केंद्र भी बनाते हैं।

### गंगा कुष्ठ बस्ती में कंबल वितरित, रात्रि भोज भी

**रायपुर।** सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा दो दिवसीय 13 से 14 दिसंबर तक लगातार पंडरी स्थित गंगा कुष्ठ बस्ती में पहुंचकर कंबल वितरित किए गए। साथ ही रात्रि भोज का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्व. शिवप्रसाद यदु शिकुम की स्मृति और स्व. मुकेश थिटे की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा किया गया। साथ ही टीम वक्ता मंच द्वारा कुष्ठ बस्ती का निरीक्षण कर यहां के रहवासियों से मुलाकात की गई तथा इस परिसर की व्यवस्था, साफ सफाई, चिकित्सा, पेयजल, प्रकाश व अन्य आवश्यक मुद्दों के प्रबंध संबंधी जानकारी एकत्रित की गई। इस मौके पर भवन एवं सन्निर्माण मंडल के पूर्व अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल, वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते, डॉ. उदयभान चौहान, शुभम साहू, ज्योति शुक्ला, प्रगति पराते, डॉ. इंद्रदेव यदु, यशवंत यदु, प्रभात यदु, प्रशांत यदु, नारायण यदु, उत्तम देवहरे, रुनाली चक्रवर्ती, मो. हुसैन, हेमलाल पटेल सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# पिता की स्मृति में अनूठी पहल भेंट किए मिट्टी के गौरैया घोंसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

ग्राम कोरासी निवासी पत्रकार तेजराम ध्रुव ने अपने पूज्य पिताजी श्री बैशाखू राम ध्रुव के आकस्मिक निधन पश्चात आयोजित कार्यक्रम में एक अत्यंत भावनात्मक और पर्यावरण हितैषी पहल की। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी अतिथियों को अपने पिता की स्मृति में 'गौरैया ग्राम अभियान' के अंतर्गत मिट्टी से बने घोंसले भेंट किए। विलुप्त होती गौरैया को बचाने का संदेशयह पहल विलुप्त होती जा रही गौरैया (गोरड़िया) पक्षी को बचाने के लिए एक सशक्त संदेश देती है। पत्रकार तेजराम ध्रुव ने बताया कि आज की भागमभाग वाली जिंदगी में, और पक्के घरों के निर्माण के कारण, गौरैया पक्षी के लिए घोंसला बनाना मुश्किल हो गया है। पहले यह पक्षी खपरैल वाले घरों के ओरछा (छत के किनारे) के नीचे अपना आशियाना बनाते थे और अंडे देकर बच्चों को जन्म देते थे। ये पक्षी बरसात के दिनों में वर्षा का संकेत भी देते थे। श्री ध्रुव



ने बताया कि ध्वनि प्रदूषण, ऊंचे टावरों के तरंगों, धुएं, अत्याधुनिक कीटनाशकों के छिड़काव और केमिकल युक्त रंगाई-पुताई आदि कारणों से ये पक्षी विलुप्त प्राय हो रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि आंगन में चहकने वाली, फुदकने वाली और किलकारी भरने वाली इस 'घर-आंगन की रानी' को बचाना आवश्यक है, जो गांव और घर की शोभा होती है। अभियान को गति देने की आवश्यकता इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख अतिथियों में शंकरलाल यदु (शिक्षक एवं योगाचार्य), अर्जुनधनंजय सिन्हा (शिक्षक), संतराम कंवर (शिक्षक), देवनारायण यदु (शिक्षक), जागेश्वर ध्रुव, प्रेमनारायण ध्रुव आदि शामिल थे। शिक्षक एवं योगाचार्य शंकर यदु ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा हर ग्राम गौरैया ग्राम अभियान की शुरुआत बहुत अच्छी है। इस अभियान को और गति देने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे प्रकृति के लिए कुछ वक्त निकालकर पुण्य कमाएं।

पेज 9 के शेष...

### गाताबाहरा में खेलते...

गए हैं, इसलिए वास्तविक वन्यप्राणी की पहचान सुनिश्चित करने के लिए विशेष जाँच की जा रही है मृतक बच्चे के चेहरे से स्वाब सैंपल लिए गए हैं ताकि वन्यप्राणी की लार से उसके डीएनए टेस्ट के जरिए वास्तविक प्रजाति का पता चल सके। घटनास्थल के पास से अज्ञात वन्यप्राणी के बाल (केश) के नमूने एकत्र किए गए हैं, जिन्हें फोरेंसिक जांच हेतु जबलपुर फोरेंसिक लैब भेजा जा रहा है। तथ्य तक पहुँचने के लिए डॉग स्क्वाड का भी सहारा लिया जा रहा है।

**तत्काल सहायता और आक्रोश-** वन विभाग द्वारा घटना के दूसरे दिन 14 दिसंबर की सुबह मृतक के पिता को तत्कालिक सहायता राशि के रूप में 25 हजार रुपए नगद प्रदान किए गए हैं। इस दर्दनाक घटना से पूरे गाँव में शोक का माहौल है, और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों में भी भय और आक्रोश है तथा वे वन विभाग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग कर रहे हैं। घटना की रिपोर्ट थाना खल्लारी में दर्ज करा दी गई है और पुलिस विभाग द्वारा भी मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

### शिक्षक संघ ने...

प्रक्रिया पूर्ण होने पर आभार व्यक्त किया और शेष पदोन्नतियों को शीघ्र पूरा करने की मांग रखी। चर्चा के दौरान उप संचालक लोक शिक्षण आशुतोष चावरे एवं उप संचालक एएन बंजारा, सहायक संचालक एचसी दिलावर तथा सहायक संचालक एडी कुर्रे ने बताया कि प्राथमिकता के आधार पर प्राचार्य के रिक्त पदों पर पदोन्नति, व्याख्याता पदोन्नति तथा रायपुर संभाग में प्रधान पाठक पदोन्नति हेतु कार्ययोजना तैयार की जा रही है। उन्होंने टीईटी अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों से चिंता न करने की अपील करते हुए कहा कि विभाग शिक्षकों के हित में कार्य करेगा और सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। संघ की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि पदोन्नति प्रक्रिया लंबे समय से लंबित रहने के कारण शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मांगों में शेष रिक्त प्राचार्य पदों पर शीघ्र पदोन्नति, प्राचार्य के 10 प्रतिशत पदों पर विभागीय परीक्षा आयोजन, व्याख्याता ई संवर्ग के रिक्त पदों पर पदोन्नति तथा प्रधान पाठक (पूर्व माध्यमिक), शिक्षक और प्रधान पाठक (प्राथमिक) के रिक्त पदों पर कैलेंडर तय कर पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने की मांग प्रमुख रही। रायपुर संभाग में पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक पद पर अब तक पदोन्नति नहीं होने का उल्लेख करते हुए संघ ने प्रदेश के अन्य चार संभागों की तरह रायपुर संभाग में भी वन टाइम रिलैक्सेशन के तहत पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की।

ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, प्रांतीय सचिव मनोज सनाढ्य सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल रहे।

### रबी सीजन में भी...

और पशु पक्षियों से बचना मुश्किल हो जाता है। किसान दलहन तिलहन की फसल लेना चाहते हैं, लेकिन परेशानियों को देखते हुए ये मजबूरी में धान की फसल लेते हैं। किसान बेदव्यास निषाद, जनक राम यादव, सोहनलाल मरकाम, दिब्यनद यादव, देवकुमार, कृष्णा साहू, केजूराम ध्रुव आदि ने बताया कि सूरजमुखी की फसल लेने पर तोता और अन्य फ़सल लेने पर जंगली सूअर, पशुधन के उत्पाद फसल ले पाना कठिन हो जाता है। इस वजह से धान की खेती करने की विवशता है। फसल चक्र परिवर्तन के लिए अनुकूल वातावरण किसानों को नहीं मिल रहा है। इस क्षेत्र में जिस किसान के पास बोर मशीन की सुविधा है वह फसल लगा रहे हैं। जिनके पास यह सुविधा नहीं है उन्हें खरीब फसल के लिए पांच माह इंतजार करने पड़ेंगे, तब तक उन्हें या तो खाली रहना पड़ेगा या फिर कोई काम धंधा ढूंढने की आवश्यकता है।

### छुईहा में कबड्डी...

के साथ कारपेट टाट मैट पर आयोजित किए जाएँगे। प्रथम पुरस्कार ₹10,000, द्वितीय पुरस्कार ₹7,000, तृतीय पुरस्कार,₹5,000, चतुर्थ पुरस्कार ₹3,000। इसके अलावा, सर्वश्रेष्ठ रेडर और डिफेंडर को भी विशेष सम्मान दिया जाएगा। पुरस्कारों का वितरण क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। रात की बजाय दिन में होंगे मैच, मिलेगा पारिवारिक मनोरंजनआयोजन समिति ने इस बार एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। खेल को दोबारा बढ़ावा देने के लिए टूर्नामेंट का आयोजन रात के बजाय केवल दिन के समय किया जाएगा।

### प्रदेश की पहली...

पेंशन, किसान समृद्धि, जीवन ज्योति, तेंदूपत्ता संग्राहक, छात्रवृत्ति समेत 12 सरकारी योजनाओं के तहत यह भुगतान माइक्रो एटीएम के जरिए आधार कार्ड और फिंगरप्रिंट स्कैन के माध्यम से किया जाता है। इस काम से उनकी मासिक आय 20,000* तक हो जाती है। बिहान योजना के जिला अधिकारी रमेश वर्मा ने बताया, /"जिले में 96 बीसी सेंटर हैं और प्रदेश में इनकी संख्या 3500 से अधिक है। इनमें से सर्वाधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने वाली बीसी सखी खेमेश्वरी हैं। **परिवार का सहयोग और भविष्य की योजना-** जंगल के भीतर बसे 10 से अधिक गांवों तक साइकिल से आवाजाही करने वाली खेमेश्वरी ने अब अपनी आमदनी से स्कूटी खरीद ली है। उनके इस काम में उनके भाई-बहन और पिता पूरा सहयोग करते हैं। जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने खेमेश्वरी की सराहना करते हुए बताया कि, /"खेमेश्वरी मेहनती हैं। उन्हें आजीविका मिशन की योजनाओं के तहत प्रशिक्षण, लोन और लैपटॉप दिया गया है। आने वाले दिनों में अंगूठा स्कैन की समस्या को हल करने के लिए आई स्कैन करने वाले डिवाइस भी दिए जाएंगे। यह मेहनती दीदी प्रदेश स्तर पर जिले का नाम रोशन कर रही हैं और सभी दीदियों के लिए प्रेरणा हैं। खेमेश्वरी तिवारी की यह कहानी बताती है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से कोई भी व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों को भी सफलता में बदल सकता है।

# सफाई कार्य में लापरवाही, बीएसयूपी कचना के ठेकेदार का ठेका होगा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के कचना बीएसयूपी आवासीय परिसर की सफाई में कोताही बरती जा रही है। निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी लगाने से सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है, जबकि 15 सफाई कर्मचारी लगाकर सफाई कार्य का ठेका ठेकेदार वीणा सेन्द्रे को दिया गया। सफाई कार्य में कर्मचारी कम रखने और कार्य में कोताही बरतने जाने पर निगम आयुक्त विश्वदीप ने संबंधित सफाई ठेकेदार का सफाई ठेका निरस्त कर अमानती ग्राशि राजसात करने का आदेश जारी किया है। जोन 9 क्षेत्र के पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के कचना बीएसयूपी आवासीय परिसर की सफाई कार्य में लापरवाही का मामला सामने आया है। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर ने अनुबंधित सफाई ठेकेदार को पहले नोटिस देकर समझाइश दी। इसके बाद भी सफाई कार्य में सुधार नहीं किया गया, जिससे नगर निगम रायपुर की छवि प्रभावित हुई है। आयुक्त के निर्देश पर नगरनिगम जोन 9 कमिश्नर द्वारा संबंधित सफाई ठेकेदार के कृत्य को ध्यान में रखते हुए एवं अनुबंध की शर्तो का उल्लंघन करने पर सफाई निविदा निरस्त करने आदेश जारी कर दिया गया है।



- **समझाइश के बाद भी कार्य में सुधार नहीं**
- **निगम आयुक्त विश्वदीप ने सफाई ठेका निरस्त कर अमानत राशि राजसात करने दिए आदेश**

## खबर संक्षेप



### फिंगेश्वर ब्लॉक में विषय आधारित एवं एफएलएन प्रशिक्षण जारी

**फिंगेश्वर।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा डाइट के निर्देशानुसार विकासखंड फिंगेश्वर के बीआरसी भवन में सामाजिक विज्ञान तथा संस्कृत विषय के प्रशिक्षण 15 दिसंबर से जारी है इसके साथ ही प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को एफएलएन का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरो के द्वारा दिया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पैटर्न पर पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों का कौशल विकसित करना सकारात्मक सोच रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने प्रेरित करना और समस्याओं के समाधान के लिए क्षमता विकसित करना है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण के आज दूसरे दिन डाईट रायपुर के उप प्राचार्य संगीता यादव, गरियाबंद प्रभारी प्रतिभा सोनी, लीना नेम पांडे एवं छुरा प्रभारी नीरजा सातपुते प्रशिक्ष णार्थियों के बीच पहुंचकर आवश्यक मार्गदर्शन दिए। प्रशिक्षण में मुख्य रूप बीआरसीसी सुभाष शर्मा, मास्टर ट्रेनर अरुण प्रजापति, दिनेश्वर साहू, एफएलएन के प्रशिक्षक असीम श्याम हरित, दीपक साहू, प्रतिभा साहू, मनीषा साहू, ज्योति साहू, परमेश्वर साहू के साथ-साथ प्रशिक्षणार्थी वरिष्ठ शिक्षक नंद कुमार यादव, रूपलाल साहू, किशोर निर्मलकर, सुनील पांडे, शोभाराम साहू, वीरेंद्र पवार, कल्याणी यदु, सावित्री साहू, प्रेमलता ठाकुर, ज्योति गुप्ता सहित अधिक संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

### अछरीडीह में कार्यकर्ता व मितानिनों का किया सम्मान

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका और मितानिनों का सम्मान समारोह ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भारतमाता की तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सरपंच आसकरण सोनवानी ने कार्यकर्ता एवं सहायिका और मितानिनों को फल व साड़ी भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच सोनवानी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिनों ने कुपोषण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई है, वह बहुत ही सराहनीय है। एसआईआर कार्य के लिए कार्यकर्ता घर-घर जाकर शासन के आदेश अनुसार फार्म एकत्रित कर ऑनलाइन कर रही हैं। जिसका सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है।

**अभियान : भाजपा मंडल के तत्वाधान में हर घर स्वदेशी,घर-घर स्वदेशी अभियान**

# हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान में 400 लोगों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

भारतीय जनता पार्टी मंडल कोपरा ने कौंदकेरा एवं श्यामनगर में एक महत्वपूर्ण 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' अभियान चलाया। इस अभियान के तहत व्यापारियों और आजीविका मिशन (बिहान) की दीदियों को जीवन में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संकल्प दिलाया गया। करीब 400 लोगों ने संकल्प पत्र भरकर स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की शपथ ली। विकसित भारत के लिए स्वदेशी उत्पादों को अपनाना जरूरी**इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' अभियान एक 'जन आंदोलन' बन रहा है। उन्होंने कहा हमें 'विकसित भारत' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने जीवन में स्वदेशी उत्पादों को अधिक से अधिक अपनाना है। पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू ने देश में हो रहे व्यापक बदलावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के विकास की दिशा और दृष्टि में बड़ा परिवर्तन आया है। उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में हुई प्रगति का उल्लेख किया वर्ष 2014 से पूर्व देश के इंफ्रास्ट्रक्चर पर लगभग 2.5 लाख करोड़ खर्च होते थे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अब हर वर्ष 12.5 लाख करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता भारतमंडल महामंत्री हेमंत वर्मा ने 'घर-घर स्वदेशी' अभियान को देश को विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने का आंदोलन बताया। उन्होंने कहा, देश की आत्मा अब आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जुड़ चुकी है। पहले हम विदेशी वस्तुओं पर निर्भर थे, लेकिन आज स्थिति बदल चुकी है। अब भारत में ही ऐसे उत्पाद बन रहे हैं जो पूरी दुनिया में पहचान बना रहे हैं।



**भारत आधुनिक हथियारों का निर्यात भी कर रहा**

रक्षा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पहले भारत रक्षा उपकरणों के लिए अन्य देशों पर निर्भर था, लेकिन आज भारत न सिर्फ रक्षा उपकरण बना रहा है, बल्कि ब्रह्मोस और आकाश जैसे आधुनिक हथियारों का निर्यात भी कर रहा है। उन्होंने हर भारतीय से भारत की मिट्टी और मेहनतकशों के श्रम से बने उत्पादों का उपयोग करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। बिहान दीदियों ने लिया संकल्प आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी उत्पादों को लेकर किए गए आह्वान के तहत, कौंदकेरा और श्यामनगर सेक्टर के सैकड़ों बिहान समिति की दीदियों सहित कुल 400 लोगों ने संकल्प पत्र भरकर शपथ ली। कार्यक्रम में ग्राम श्यामनगर के सरपंच प्रतिनिधि व उपसरपंच वामन निर्मलकर, मंडल महामंत्री द्रव्य धान बाई साहू, मंडल कोषाध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा, सरपंच ग्राम जेंजरा बोधन यादव, भाजपा कार्यकर्ता कीर्तन साहू, गौतम साहू, रोमेश साहू और वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता फूलजी साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नवापारा व्यापार प्रकोष्ठ और कोपरा अध्यक्ष का अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

साहू छात्रावास परिसर राजिम में भक्तिन माता समिति के तत्वावधान में सम्मान समारोह के आयोजन में व्यापार प्रकोष्ठ नवापारा के नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष प्रतीक साहू तथा नगर साहू संघ कोपरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष यशवंत साहू का सम्मान किया गया। नवापारा नगर साहू संघ के अध्यक्ष रमेश साहू द्वारा नगर के युवा व्यवसायी सुरेंद्र साहू को व्यापार प्रकोष्ठ का अध्यक्ष एवं प्रतीक साहू को उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर साहू समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल है। वहीं, नगर साहू संघ कोपरा के अध्यक्ष पद पर यशवंत साहू के निर्वाचित होने से समाजजनों में प्रसन्नता व्याप्त है। नवीन दायित्व प्राप्त होने पर राजिम साहू छात्रावास परिसर में आयोजित एक समारोह में राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को किसान गमछा, श्रीफल एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। सम्मान से उत्साहित व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुरेंद्र साहू ने कहा कि नवापारा नगर में साहू समाज के व्यापारियों को संगठित कर एक सशक्त व्यापारिक संगठन का निर्माण किया जाएगा। व्यापार प्रकोष्ठ के माध्यम से समाज के विकास, उत्थान तथा समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष उमा साहू, आलोक साहू, कोषाध्यक्ष भोले साहू, संगठन मंत्री रवि शंकर साहू, डीगेश्वर साहू, डॉ. ओंकार साहू, विष्णु साहू, तरुण साहू, अशोक साहू सहित नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# राजिम में ठिठुरन, सालों बाद पड़ रही दिल दहला देने वाली ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

इस साल का ठंड वाकई में दिल दहला देने वाला है। सालों बाद ऐसा ठंड देखने को मिल रहा है। जहां देखो वही ठंड की चर्चा हो रही है। रात तो रात दिन में भी कपकपाहट बना हुआ है। मतलब स्वेटर, शॉल और गरम कपड़े दिन में भी शरीर से नही उतर रहे है। घर की दीवारे भी ठंडक की चपेट में है। कमरे के अंदर रहोगे तो कुछ ज्यादा ही ठंड का अहसास हो रहा है। रात में इसका असर कई गुणा ज्यादा बता रहा है। एक तरह से शीतलहर जैसा वातावरण हो गया है। अधिकांश घरो में अंगीठी और कोयले की सिगड़ी जलाकर ठंड से मुकाबला किया जा रहा है तो शहरी ईलाके में हीटर का उपयोग होने लगा है। हीटर से कमरे को गरम किया जा रहा है। जबकि ग्रामीण अंचल में लकड़ी जलाकर समूह में लोग बैठ रहे है। मौसम विभाग की माने तो अगले 10 दिनो तक ठंड का असर और ज्यादा होगा। एक तरह से कहर बरपाएगा। इस बार बहुतायत मात्रा में गर्म कपड़ो की बिक्री हुई है। कंबल से लेकर रजाई, शॉल, स्वेटर, जैकेट, कंटोप, मोजा जमकर बिके है। सड़कों पर ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं दिखता जो गरम कपड़े न पहने हो। दुपहिया सवार काम अथवा डयुटी में जाने के लिए 10 बजे के बाद ही निकल रहे है और घर वापसी दिन डुबने के पहले ही हो रही है। चाय,कॉफी और गरम मूंगफली लोगो के लिए पहला पसंद बना हुआ है। कार में चलने वाले एसी की जगह हीटर का उपयोग कर रहे है। सुबह-सुबह धुंध की वजह से सड़के भी साफ नजर नही आती। हेड लाइट जलाना पड़ रहा है। सुबह-शाम वॉक करने वाले अब न के बराबर दिख रहे है। शीत भी जमकर बरस रहा है। बाहर में दुपहिया रखो तो सीट,टंकी और आईना बारिश की बूंदो जैसी भरी हुई नजर आती है। कुल मिलाकर इस बार का ठंड हिलाकर रख दिया है। ठंड के कारण बच्चे अधिकतर बीमार पड़ रहे है। शहर के शिशु रोग विशेषज्ञों के हास्पिटल बच्चो से भरे पड़े है। शिशु रोग विशेषज्ञ में डॉ. गोपाल केला और डॉ पुनित गोस्वामी का नाम शहर में काफी प्रख्यात है। सुबह से लेकर दोपहर 2:30 बजे तक पालक अपने बच्चो को लेकर हास्पिटल तक पहुंच रहे है। बच्चों को तेज बुखार,सर्दी,खांसी लग रहा है जिसे ठीक होने में 4 से 5 दिन का समय लगता है।

**राजिम क्षेत्र में छाया घना कोहरा**



मंगलवार की सुबह राजिम ईलाका कोहरे से ढंका रहा। चारों ओर कोहरा ही कोहरा नजर आ रहा था। सभी मार्गों में कोहरे के कारण लोगों का चलपाना मुश्किल हो रहा था। कोहरे से सूर्यदेव भी काफी देर तक ढंके रहे। दोपहिया-चारपहिया वाहन लाईट जलाकर चल रहे थे। इस बीच सुबह-सुबह मार्निंग वॉक पर निकले कई लोगों के कपड़े भीग गए थे।

### अभनपुर क्षेत्र में अवैध मुरुम उत्खनन जारी

**अभनपुर।** अभनपुर क्षेत्र मे खनिज विभाग व राजस्व विभाग की मिलीभगत से बड़े झाड़ का जंगल व चारागाह की समतल भूमि को मुरूम माफियाओ द्वारा अवैध उत्खनन किया जा रहा है, गौरतलब है कि ग्राम कठिया मे खसरा नंबर 1436 मे खनिज विभाग द्वारा अनुज्ञा जारी किया गया है जबकि खसरा नंबर 1555 मे मुरूम उत्खनन किया जा रहा है वह भूमि मे इमारती लकड़ी व बड़े झाड़ जंगल रिकार्ड मे दर्ज है इसी तरह ग्राम पंचायत ठेलकाबांधा मे एक छोटे से तालाब के गहरीकरण का प्रस्ताव लेकर चराई की समतल भूमि मे बड़े पैमाने पर मुरूम उत्खनन किया जा रहा है,अवैध मुरूम उत्खनन माफिया गांव के सीधे साधे लोगो के नाम पर खदान को आबंटित कराकर 5 हजार घनमीटर की रायल्टी के स्थान पर 50 हजार घनमीटर निकाला जा रहा है, इस खेल मे राजस्व निरीक्षक की भूमिका भी महत्वपूर्ण रहती है, खनन के लिए प्रस्तावित उक्त भूमि का पटवारी प्रतिवेदन मे आवेदक की अंचल संपत्ति का विवरण देना रहता है जिससे किसी प्रकार की अनिमियत्ता होने पर उससे राजस्व की वसूली की जा सके जबकि जिन व्यक्तियो की नाम से खदान आबंटित हुई है उनके पास ट्रेक्टर,ट्राली तक नही है गांव के सीधे-साधे आदमी को ढाल बनाकर बड़े पैमने पर उत्खनन किया जा रहा है,पटवारी प्रतिवेदन मे उत्खनन पट्टा हेतू दी जा रही भूमि का चारो दिशा मे चिन्हांकित कर चौहद्दी नक्शा व आबादी चराई, श्मशान,खलिहान, आमरारास्ता, बड़े छोटे झाड़ का जंगल अथवा निस्तार के लिए आदि विषयों को पटवारी प्रतिवेदन में स्पष्ट उल्लेख करना होता है लेकिन पटवारी प्रतिवेदन में यह सब जानकारी छिपाई जा रही है ।

# इंडियन पब्लिक हाई स्कूल, छुरा में वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

इण्डियन पब्लिक हाई स्कूल तुमगांव छुरा एक ऐसा स्कूल हैं जो शिक्षा के साथ- साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नित नये-नये कार्यक्रम आयोजित करके सभी विद्यार्थियो को तमाम वो अवसर प्रदान करता है जिससे विद्यार्थी शिक्षा के साथ- साथ खेल से जुड़े रहें, उसी कड़ी में 15 दिसम्बर दिन सोमवार से लेकर 19 दिसम्बर दिन शुक्रवार तक वार्षिक खेल उत्सव का अयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ 15 दिसम्बर को पत्रकारितासे जुड़े द्वारा किया गया जिसमें संतोष जैन, परमेश्वर राजपूत, अब्दुल समद खान, दिलीप बघेल, कुलेश्वर सिन्हा, पुनिताराम ठाकुर सम्मलित है जिन्होंने अपनी गरिमामय उपस्थित से और अपने ऊर्जावान उत्बोधन सभी विद्यार्थियो का हौसला बढ़ाया। और साथ में ये भी बताया कि जीवन में खेलो का कितना महत्व है हमे खेलो को जीवन का हिस्सा बनाए रखना चहिए। हार जीत खेल के साथ साथ जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है।वार्षिक खेल उत्सव के आयोजन से सभी विद्यार्थियो की खुशी उनके चहरे से साफ़ झलक रही थी, इंडियन पब्लिक हाई स्कूल छुरा मे चार दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का जो आयोजन किया जा रहा है उसमे दिवस वार खेलो का विभाजन किया गया है जिसने, दौड़, कबड्डी, खो- खो, रिले दौड़, कैरम, शतरंज, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, वॉलीबाल, क्रिकेट प्रमुख है।इस कार्यक्रम में प्रीतम साहू संस्था प्रमुख,रेवेंद्र दीक्षित एच.ओ.डी., शशि तिवारी प्राचार्य, श्रीमती प्राची साहू विद्यालय प्रबंधक, नंदेश्वरी साहू, सोनिया सोनी, मंगला देवी राजपूत, यमुना नेताम, एकता वर्मा, प्रेरणा साहू, दिशा साहू, रागिनी यादव, मुस्कान चंद्राकार, कीर्ति पटेल, ऊषा यादव, भारती यादव, शैलेंदी साहू, मोनिका यादव, प्रीति सेन, नाहिद खान, गुंजिता साहू, चित्ररेखा यदु, प्रियंका चंद्राकर, अंजुरानी द्विवेदी, सिमरन बानो, सुनीता निषाद, मनोज साहू, बिरेंद्र साहू, कन्हैया सोनवानी, मोहेंद्र कुमार ध्रुव, डिगेश बघेल एवम समस्त विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।






# भू संरक्षणम और कल्याणनाथ समिति ने कैंसर मरीजों के लिए किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

नवा रायपुर स्थित पर्यावरण संरक्षण संस्था भू संरक्षणम फाउंडेशन एवं कल्याणनाथ जन सेवा समिति ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर स्वयंसेवकों ने बालको मेडिकल सेंटर में देश के दूर-दराज क्षेत्रों से उपचार के लिए आए कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए 11 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान किया। यह रक्तदान विशेष रूप से उन मरीजों के लिए किया गया, जो अन्य राज्यों से इलाज कराने आए हैं और जिनके साथ रक्तदान करने हेतु कोई परिजन उपलब्ध नहीं है। इसके साथ ही इस अवसर पर भू संरक्षणम फाउंडेशन एवं कल्याणनाथ जन सेवा समिति के स्वयंसेवकों ने ग्राम नवागांव खपरी, राखी एवं आसपास के वंचित परिवारों में लगभग 200 गर्म कपड़ों का वितरण किया। वितरण में बच्चों के लिए स्वेटर-पैंट तथा बड़ों के लिए कंबल व अन्य गर्म वस्त्र शामिल रहे।



# सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, छुरा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

संत शिरोमणि बाबा गुरु घांसीदास की जयंती 18 दिसंबर को मनाया जाएगा इस अवसर पर हमारे सतनामी समाज एवं बैडमिंटन मॉर्निंग ग्रुप के द्वारा सद्भावना बैडमिंटन युगल पुरुष मैच का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में 20 टीम ने भाग लिया था इस मैच का आयोजन का उद्देश्य आदिवासी वनांचल क्षेत्र के खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना मार्गदर्शन करना उनकी कौशल का विकास करना जिससे अपना खेल तकनीकी के साथ आगे बढ़ सके, खिलाड़ी अपने ब्लॉक जिला का नाम रोशन कर सके पहला सेमीफाइनल झामन यादव किरण खलखो एवम आदर्श और प्रिंस की बीच हुवा जिसमें पहला सेट 19-21 दूसरा सेट 21-18 फाइन सेट 21- 19 का रोमांचक मैच रहा जिसमें आदर्श और प्रिंस विजय रहे दूसरा सेमीफाइनल पन्ना साहू मितेश मेहता ने कड़ी मुकाबले के साथ जीत दर्ज किया फाइनल मैच आदर्श प्रिंस एवं पन्ना मितेश की बीच रहा जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए आदर्श और प्रिंस ने जीत दर्ज किया विजेता और उपविजेता टीम को मेडल शील्ड एवं नगद पुरस्कार के साथ सम्मान किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से समाजसेवी शीतल ध्रुव, नरेंद्र पटेल, राजेश मांडले मनोज कुर्रे, उमेश ढीढी, नन्द झरोखा कुर्रे, राजकुमार लहरे, देवराज साहू, शिव ठाकुर, चित्रसेन यदु ,मायाराम साहू, पूरन निषाद, कोमल साहू, शालिक साहू, भूपेंद्र ध्रुव, देवनारायण यादव, भारत बया, यशवंत सिन्हा, अश्वनी साहू, त्रिलोचन, सागर, दीप, चैतन्य बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे



# मुख्यमंत्री साय ने किया हरिभूमि वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय अखबार हरिभूमि गरियाबंद जिले का वार्षिक कलेंडर 2026 का आज मंगलवार को छत्तीसगढ़ के नया विधानसभा भवन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा विमोचन किया गया और बधाई दी। इस दौरान मैनपुर संवाददाता शेख हसन खान ने हरिभूमि कलेंडर की प्रति छत्तीसगढ शासन के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, छत्तीसगढ़ के शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा रोजगार अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरू खुशवंत साहेब, छत्तीसगढ़ के वनमंत्री केदार कश्यप, महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवड़े, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, पूर्व वनमंत्री विक्रम उसेंडी, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, राजिम विधायक रोहित साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, तानाखार विधायक तुलेश्वर मरकाम, कसडोल विधायक संदीप साहू, धमतरी विधायक ओंकार साहू, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, भिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, धरसीवा विधायक अनुज शर्मा, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी, रायपुर विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू,चंदरपुर विधायक रामकुमार यादव, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, संजरी बलौद विधायक संगीता सिन्हा, गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, सरायपाली विधायक चतुरी नंद, गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके, महंत गोवर्धन शरण, जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, गरियाबंद नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुकचंद बेसरा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नागरिक, पंचायत प्रतिनिधियों एवं जिले के विभिन्न विभाग के अधिकारियों तथा वरिष्ठजनो को हरिभूमि कलेंडर की प्रति भेट किया गया। इस दौरान बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने बधाई देते हुए कहा हरिभूमि द्वारा हर वर्ष नये वर्ष में कलेंडर प्रकाशित किया जाता है जिसके माध्यम से अनेक जानकारियां हासिल होती है यह कलेंडर लोगो के लिए बहुत उपयोगी है। श्री ध्रुव ने आगे कहा हरिभूमि अखबार हमेशा सच के साथ खड़ा है तथा क्षेत्र के छोटे बड़े ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता के साथ अखबार में उठाता है।

वहीं दूसरी ओर ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष राम कृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, नीरज ठाकुर, नंदकिशोर पटेल, डोमेश पटेल, सोहन नागेश, खेलन साहू, हबीब मेमन, भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोष यादव, महामंत्री दिनेश सचदेव, तुलसी राठौर, भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शर्मा, घनश्याम मरकाम, निर्भय ठाकुर, लघु वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष कपिल नायक, उपाध्यक्ष हरचंद ध्रुव, मैनपुर के उपसरपंच अनीश सोलंकी, रोहन साहू, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, जनपद सदस्य कुमारी पटेल, हेमचंद देवांगन, महेश दीवान आलोक कुमार गुप्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगो ने हरिभूमि कलेंडर के प्रकाशन पर अपनी शुभकामनाएं दिये है।





**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), छुरा जिला - गरियाबंद (छ.ग**
Email Id- sdmchhura@gmail.com

**उद्घोषणा**

प्रकरण क्रमांक-202512222000030 /अ-2,
ग्राम- छुरा, तहसील छुरा
दिनांक- 12/12/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / भूमिस्वामी वीना साहू पति श्री टोमेश्वर निवासी ग्राम छुरा तहसील छुरा जिला गरियाबंद द्वारा ग्राम छुरा प.ह.न. 24 तहसील छुरा जिला गरियाबंद स्थित अपनी भू-स्वामी हक की भूमि ख.नं. 283/8, रकबा 0.0171, हे. को व्यावसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन के लिए नक्शा खसरा, बी-1, की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वह आपत्ति / दावा स्वयं या अपने अधिवक्ता / अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से सुनवाई तिथि दिनांक 29/12/2025 के भीतर प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 12/12/25 को जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) छुरा, जिला-गरियाबंद**

## खबर संक्षेप



### पीएम आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी में चल रहे पीएम आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण करने जनपद से प्रसन्ना कुमार पहुंचे। इस अवसर पर सरपंच राजेश्वरी पटेल सहित स्थानीय नागरिक मौजूद थे। दी गई जानकारी के मुताबिक 197 हितग्राहियों का आवास अभी स्वीकृत हुआ है जिसमें से 15 हितग्राहियो का प्रथम किस्त नहीं आया है शेष लोगों के खाते में 1 नवंबर को राशि जारी कर दिया गया है।

### गुरु घासीदास जयंती पर शोभायात्रा कल

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में गुरु घासीदास जयंती पर 18 दिसंबर को शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं 19 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई जाएगी। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि यहां हर साल 18 दिसंबर को हर साल गुरु घासीदास बाबा की शोभायात्रा निकाली जाती है।

### बरबसपुर में संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती व मड़ई मेला 21 को

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती व मड़ई मेला का आयोजन 21 दिसंबर रविवार को रखा गया है। प्रातः 10 बजे सामाजिक जनप्रतिनिधियों द्वारा पालो चढ़ाकर शुभारंभ किया जाएगा। मड़ई मेला का आयोजन दोपहर 3 बजे होगा। कार्यक्रम स्थल पर बालक-बालिकाएं पंथी नृत्य की प्रस्तुति देंगे। रात्रि 10 बजे सनम टंडन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र प्रताप सोनवानी, जयलाल ढीढी, भूपेंद्र सोनवानी, दाऊलाल भारती, धन्नू कोशले, पन्ना लाल भारती सहित सतनामी समाज के सदस्य उपस्थित रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र प्रताप सोनवानी ने दी।

### गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम 18 को

**महासमुंद।** जय सतनाम सफुरा माता समिति वार्ड नं. 11 संत रविदास उद्यान के पीछे 18 दिसंबर गुरुवार को गुरु घासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें झंडा चढ़ाने का कार्यक्रम सायं 4.30 बजे एवं इसी कड़ी में दोपहर 2 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक जय सतनाम बालिका पंथी पार्टी पोखरा जिला गरियाबंद द्वारा सुमधुर गुरु भजन कार्यक्रम होगा। वहीं रात्रिकालीन कार्यक्रम में बदरिया छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम शेर की प्रस्तुति होगी।

**महोत्सव : विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय महोत्सव में करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व**

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव में युवाओं ने कला-संस्कृति में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2025 का आयोजन सिविल लाइन सांस्कृतिक भवन परिसर, गरियाबंद में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित इस महोत्सव में जिलेभर के प्रतिभाशाली युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष आशिफ मेमन, पार्षद सुरेन्द्र सोनटेके, पूर्व पार्षद रिंकू ठाकुर, ब्लॉक नोडल गरियाबंद संजीव साहू, ब्लॉक नोडल मैनपुर यशवंत बघेल, गिरीश शर्मा सहित प्रभारी शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, प्रतिभागी एवं बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि यादव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा महोत्सव युवाओं की प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह और अनुशासन के लिए बधाई दी तथा विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने कहा कि असफलता से निराश न हों, यही अनुभव भविष्य की सफलता की सीढ़ी बनता है।







### विविध विधाओं में शानदार प्रदर्शन

महोत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने लोक नृत्य, लोक गीत, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, वाद-विवाद, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेश-भूषा तथा रॉक बैंड जैसी विविध विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर विभिन्न विधाओं के विजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी विजेता प्रतिभागी एवं दल 23 से 25 दिसम्बर 2025 के मध्य जिला बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में गरियाबंद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन से युवाओं में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ तथा जिले की सांस्कृतिक प्रतिभाओं को नई पहचान मिली।

# वोट चोरी के विरोध में किसान कांग्रेस ने किया शक्ति प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

वोट चोर गद्दी छोड़ो के नारे के साथ दिल्ली में आयोजित विशाल रैली में छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस ने सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की। इस रैली में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे किसान, कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने लोकतंत्र की रक्षा, किसानों के अधिकार और कथित वोट चोरी के विरोध में एकजुट होकर आवाज़ बुलंद की।रैली में किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया और किसानों के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसान अपने हक के लिए हर मंच पर संघर्ष करते रहेंगे। इस अवसर पर अकील हुसैन जी (प्रभारी), महामंत्री राजेश पांडेय, प्रदेश प्रवक्ता फणीश दुबे, सभाग प्रभारी भोम सिंह नाग, प्रदेश महामंत्री राजेश मुखर्जी एवं कामदेव जंघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही झमन बघेल, नीरज सोनी, राजेन्द्र साहू, नागेश सिन्हा, राजेन्द्र वर्मा, पुरषोत्तम साहू, बाबा खान और बृजेश मिश्रा ने भी रैली में सक्रिय सहभागिता निभाई।महिला नेतृत्व की ओर से श्रीमती निशा शर्मा की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। जिलास्तरीय नेतृत्व में रायपुर जिला अध्यक्ष कोमल दास, खैरागढ़ जिला अध्यक्ष माणिक साहू, महासमुंद जिला अध्यक्ष माणिक साहू, बस्तर जिला अध्यक्ष दयाराम कश्यप, कांकेर जिला अध्यक्ष अमर कचलाम तथा कांकेर शहर अध्यक्ष देवाल सिंह नेताम भी रैली में शामिल हुए।रैली के दौरान वक्ताओं ने किसानों की समस्याओं जैसे न्यूनतम समर्थन मूल्य, कृषि लागत में बढ़ोतरी, सिंचाई, बीमा और फसल नुकसानपर विस्तार से चर्चा की और सरकार से त्वरित समाधान की मांग की। कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखते हुए यह संदेश दिया कि किसान कांग्रेस संगठित है और अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा।अंत में नेताओं ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा, ताकि किसानों की आवाज़ निर्णायक रूप से सत्ता तक पहुंचे।

# जिपं अध्यक्ष ने उप मुख्यमंत्री साव से की अमलीपदर पुल शीघ्र पूरा करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



जिला पंचायत गरियाबंद के युवा अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंप कर विकासखंड मैनपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम अमलीपदर में 2021–22 में स्वीकृत पुल निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था लेकिन दुर्भाग्यवश ठेकेदार की लापरवाही एवं अनुबंधित कार्य में निरंतर विलंब के कारण यह निर्माण आज तक अधुरा पड़ा है। इस अधूरे पुल के कारण ग्रामीणों को दैनिक जीवन में अत्यंत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से होकर आस पास के 40-45 ग्रामों का संपर्क बना हुआ है। क्षेत्र का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जहां गर्भवती महिलाओं सहित अनेक मरीज प्रतिदिन आते है जो इसी मार्ग पर स्थित है। पुल निर्माण अधुरा होने से मरीजों, बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए यह मार्ग अत्यंत जोखिम पूर्ण और असुविधा जनक बन गया है। इसी प्रकार कृषि कार्यों से जुड़े किसान स्कूलों के छात्र-छात्राओं तथा व्यापारी वर्ग प्रतिदिन इस अधुरे पुल के कारण प्रभावित हो रहे है। विशेष रूप से वर्षा ऋतु में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। नाला उफान पर आने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाती है। जिससे आसपास के गांवों से संपर्क टूट जाता है। और अपातकालीन परिस्थितियों में भी ग्रामीण फंस जाते है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कश्यप ने बताया की यह केवल एक निर्माण कार्य नहीं बल्कि हजारों ग्रामीणों के जीवन सुरक्षा सुविधा से जुड़ा विषय है। यह परियोजना यदि शीघ्र पूर्ण किया जाना चाहिए इससे न केवल क्षेत्र के विकास की गति बढ़ेगी, बल्कि शासन के प्रति जन विश्वास भी और सशक्त होगा।

# सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल छुरा में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा





सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा और नवाचार को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विज्ञान से जुड़े अनेक विषयों पर अपने रचनात्मक एवं उपयोगी मॉडल प्रस्तुत किए।प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और प्रयोग की भावना को प्रोत्साहित करना था। प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत, जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, आधुनिक तकनीक, रोबोटिक्स तथा दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व से संबंधित मॉडलों ने विशेष आकर्षण का केंद्र बने। विद्यार्थियों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट्स की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और समाज पर पड़ने वाले प्रभाव को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से समझाया।कार्यक्रम का अवलोकन करने के लिए सुप्रिया भोई, वर्षा पंडा एवं सुमंत कुमार आचार्य अपने उपस्थिति दिए इसी प्रकार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे स्टफोर्ड बर्न निजी विद्यालय, जिला अध्यक्ष गरियाबंद मनोज कुमार पटेल निर्देशक मॉडर्न पब्लिक स्कूल बसना एवं विशेष अतिथि के रूप में मयंक यादव प्रभारी प्राचार्य एकलव्य आवश्यीय विद्यालय कोशमबुदा छुरा , विकास सह शिक्षक एकलव्य विद्यालय छुरा रहे।विद्यालय के प्राचार्य बिंदु जार्ज जेकब ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियाँ बच्चों के आत्मविश्वास, प्रस्तुति कौशल और समस्या-समाधान क्षमता को विकसित करती हैं। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर उन्हें नवीन विचारों के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों मंजूषा ठाकुर,समय सिटलानी एवं जागृति चंद्राकर को संस्था प्रमुख जार्ज जेकब एवं आयहुए समस्त अतिथियों के द्वारा शिल्ड एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समूचा कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक रहा और सभी उपस्थित लोगों ने इसकी प्रशंसा की।

# खोखमा ध्रुवागुड़ी में जन समस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर




मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के दूरस्थ वनांचलों में अनुविभाग स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन दिनांक 05 दिसंबर से दिनांक 02 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। आज दिनांक 15 दिसंबर सोमवार को विकासखंड मैनपुर अंतर्गत अमलीपदर क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोखमा ध्रुवागुड़ी में अनुविभाग स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र भर के जनप्रतिनिधि व हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी शामिल रहे। आयोजित शिविर में 41 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से खंड स्तरीय आवेदनों का तत्कालीन निराकरण भी किया गया। उपयुक्त शिविर के प्रभारी मैनपुर अनुविभागीय अधिकारी डॉ. तुलसीदास मरकाम ने कहा कि गरियाबंद कलेक्टर के निर्देशानुसार मैनपुर अनुविभाग के जनमानस के समस्याओं के समाधान के लिए अनुविभाग स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज ग्राम खोखमा ध्रुवागुड़ी में आयोजित अनुविभाग स्तरीय जन समस्या निवारण का आयोजन किया गया था, अनुविभागध्ब्लॉक के सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे थे फिर भी जिनकी उपस्थिति नहीं थी उन्हें कारण बताओं नोटिस दिया जाएगा। जन समस्या निवारण शिविर में 41 आवेदन प्राप्त हुआ, प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। जो उच्च स्तर की आवेदनों के अनुरूप मांगे हैं उसे उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर निराकरण किया जाएगा। श्री मरकाम ने आगे कहा कि जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन सत प्रतिशत सफल रहा। शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है हमारा लक्ष्य है। शिविर में क्षेत्र भर से आए जनप्रतिनिधियों व ग्रामीण समेत सभी विभाग के विभागीय अधिकारीध्कर्मचारी गण मुख्य रूप से शामिल रहे।

# सिवनी में सब स्टेशन की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन



**छुरा।** ग्राम सिवनी में विद्युत सब स्टेशन की लंबे समय से लंबित मांग को लेकर क्षेत्र के किसानों ने एकजुट होकर विद्युत विभाग के एई. दीवान को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि वर्तमान में पर्याप्त विद्युत व्यवस्था न होने के कारण कृषि कार्य, सिंचाई तथा घरेलू उपयोग में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इस अवसर पर ग्राम देवरी, विजयपुर, राजपुर, पेंड्रा, कामराज, काटाखुसरी, सेहरापानी एवं मलियार से पहुंचे किसानों ने अपनी समस्याएं विस्तार से रखते हुए बताया कि बार-बार बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और लंबी दूरी से विद्युत आपूर्ति के कारण फसलों को नुकसान हो रहा है। सब स्टेशन की स्थापना होने से क्षेत्र के हजारों किसानों और ग्रामीणों को स्थायी राहत मिलेगी।ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से दिलीप ठाकुर, जयराम, जगत, अलाराम ठाकुर, अशोक ठाकुर, फिरन ठाकुर, अजय ठाकुर, ऊमसिंह, कोमल सिंह ठाकुर, धनेश धुंव तथा दयाराम कमार उपस्थित रहे। सभी किसानों ने एक स्वर में जल्द से जल्द सब स्टेशन स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की।किसानों ने एई दीवान से आग्रह किया कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों तक यह मांग पहुंचाई जाए और शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की जाए। एई दीवान ने किसानों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और आवश्यक प्रक्रिया के तहत मांग को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। अंत में किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आगे जनआंदोलन करने को विवश होंगे।

**पराली जलाने पर कृषि विभाग का जागरूकता अभियान तेज**

# फसल कटाई उपरांत पराली न जलाएं, अपनाएं वैज्ञानिक प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

क्षेत्र में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए कृषि विभाग फिंगेश्वर द्वारा कृषकों को जागरूक करने का अभियान तेज कर दिया गया है। उप संचालक गरियाबंद कृषि चंदन कुमार राय के निर्देशानुसार ग्राम कौंदकेरा में कृषक चौपाल का आयोजन मंगलवार को किसानों से फसल कटाई के बाद पराली न जलाने की अपील की गई। चौपाल में कृषि विभाग के अधिकारियों ने पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों और उसके वैकल्पिक प्रबंधन के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। अनेकों बार खेत की पलारी की आग से विद्युत खंम्भा के तार गर्म होकर टुट जा रहे हैं। जिससे विद्युत प्रवाह तार से अनहोनी घटना की सम्भावना बनी होती है। उदाहरण के तौर पर खुड़ियाडिही खेत में जलते पलारी से विद्युत प्रवाह तार टुट गया जो घंटो खतरा बना रहा विभाग को सुचना उपरान्त पहूंचकर प्रवाह रोका गया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी प्रभारी परियोजना अधिकारी के.आर. वर्मा ने कृषकों को संबोधित करते हुए बताया कि सामान्यतः किसान फसल कटाई के बाद खेत में बचे पैरे में आग लगा देते हैं, जिससे भारी नुकसान होता है। फसल अवशेष जलाने से उनमें संचित उपयोगी पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। इससे मृदा का तापमान बढ़ता है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव मिट्टी की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक गुणवत्ता पर पड़ता है। साथ ही पादप अवशेषों में रहने वाले लाभदायक मित्र कीट जलकर नष्ट हो जाते हैं, जिससे पर्यावरण असंतुलित होता है। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से पशुओं के चारे की उपलब्धता भी प्रभावित होती है। हार्वेस्टर से कटाई के बाद खेतों में खड़े डंठल जलाने पर आसपास के खेतों, खलिहानों और आवासीय क्षेत्रों में आग लगने की आशंका बनी रहती है, जिससे खड़ी फसल, संपत्ति और जन-धन को भारी क्षति हो सकती है।

**घरेलू एवं पशुपालन उपयोग-** फसल अवशेषों की गांठों से पशुओं के लिए चारा तैयार करें। पशुओं के बिछावन के रूप में भी इनका उपयोग किया जा सकता है। कृषि विभाग ने अंचल के सभी कृषकों से अपील की है कि किसी भी फसल के अवशेष को न जलाएं, बल्कि उन्हें मिट्टी में मिलाकर या सड़ाकर कार्बनिक पदार्थों की मात्रा बढ़ाएं। विभाग द्वारा प्रत्येक ग्राम में मुनादी कर तथा कृषक चौपाल आयोजित कर किसानों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पराली जलाना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। इस अवसर पर ग्राम के कृषकगण सहित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरिशंकर सुमेर उपस्थित रहे।

### फसल अवशेष प्रबंधन के बताए उपाय



कृषि विभाग ने किसानों को पराली प्रबंधन के लिए विभिन्न व्यावहारिक उपाय अपनाने की सलाह दी

खाद निर्माण स्थानीय विधि से फसल अवशेषों पर यूरिया का छिड़काव कर खाद तैयार करें। ट्राइकोडर्मा फंगीसाइड का स्प्रे कर पैरे को सड़ाकर जैविक खाद बनाएं।मौसम के अनुसार खाद को खुले में या गड्ढों में तैयार किया जा सकता है। स्ट्रॉ चोपर से फसल अवशेषों को बारीक काटकर खेत में फैलाएं। मल्चर व प्रतिवर्ती हल से अवशेषों को मिट्टी में दबाकर अपघटन द्वारा खाद बनाएं। स्ट्रॉ चोपर, हे-रैक व स्ट्रॉ बेलर की सहायता से फसल अवशेषों की गांठें बनाएं।




online Booking:-www.tripuryatra.com
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
05 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411